**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 03 अभियुक्त एवं एनबीडब्लू में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक-16.08.2024**

**दिनांक 15/16.08.2024 को थाना बन्थरा 01,मोहनलालगंज 02 अभियुक्त एवं एनबीडब्लू में थाना आलमबाग 01अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 03 अभियुक्त एवं एनबीडब्लू में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**डी0सी0पी0 पूर्वी**

**अवैध शराब के साथ गिरफ्तार**

**थाना गोमतीनगर**-दिनांक 16.08.2024 को उपनिरीक्षक श्री ज्ञान प्रकाश सिंह थाना गोमतीनगर द्वारा दौराने गश्त मय हमराही फोर्स अभियुक्त 1.रामसेवक पुत्र रामदीन निवासी हा0प0- नवाबपुरवा विवेकखण्ड-2 गोमतीनगर लखनऊ व स्थायी पता- ग्राम बहुतिकला थाना अतरौली तहसील सण्डीला जनपद हरदोई को पीएनबी बैंक कटिंग विवेकखण्ड-1 व विवेकखण्ड 2 के बीच में साईकिल पथ गोमतीनगर से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 75 अदद बन्टी बबली गोल्ड व 90 अदद विंडीज (प्रति टेट्रा-पैक 200 मि0ली0) देशी शराब बरामद कर थाना गोमतीनगर पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**डी0सी0पी0 पश्चिमी**

**सट्टा खेलते समय गिरफ्तार।**

**थाना सआदतगंज**-दिनांक 16.08.2024 को उ0नि0 पूजा तोमर थाना सआदतगंज द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 1. जीशान उर्फ राधे पुत्र मोहम्मद गफ्फार निवासी- 369/166 बीबीगंज सआदतगंज लखनऊ उम्र उम्र करीब 31 वर्ष 2. समीर उर्फ सद्दाम पुत्र शहाबुद्दीन निवासी- 369/56 ख मोहल्ला बीबीगंज सादतगंज लखनऊ उम्र करीब 39 वर्ष को आपस में रुपयों की हारजीत की बाजी लगाकर सट्टा खेलते/खिलवाते समय सार्वजनिक स्थान डा0 खान के मकान के पास बीबीगंज सआदतगंज से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 14 अदद सट्टा पर्ची एक अदद पेन व 1430/-रुपये नगद बरामद कर थाना सआदतगंज पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**भा0द0वि0/बी0एन0एस0**

**थाना चिनहट-** दिनांक 15.08.2024 को थाना माल पर सूचना मिली कि कठौता झील में एक अज्ञात व्यक्ति का शव दिखायी दे रहा है। इस सूचना पर थाना चिनहट पुलिस मौके पर पहुँच कर शव को बाहर निकलवाकर शिनाख्त का प्रयास किया गया तो आस-पास के लोगो से जानकारी हुयी कि पप्पू पुत्र जेठू निवासी ग्राम किशनपुर हेरिया जिला बस्ती थाना छावनी उम्र करीब 34 वर्ष हालपता कठोता गांव थाना विभूतिखंड जो अपने मामा के लड़के के साथ रूम लेकर उक्त गाँव मे रहता था तथा पी0ओ0पी0 का काम करता था। दिनांक-14/15-08-2024 की रात्रि में घर से निकला और वापस नही आया तो साथ मे रहने वाले साथी लोग थाना विभूतिखण्ड पर सूचना दिया मौके पर पुलिस द्वारा खोजबीन के क्रम में पप्पू उपरोक्त के चप्पल और कुछ कपड़े कठौता झील के किनारे पड़े मिले। आज इनका शव कठौता झील से थाना चिनहट क्षेत्रान्तर्गत मिला है। **शव को निकलवाकर पंचायत नामा की कार्यवाही कर पोर्स्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मौके पर शांति है।**

**<u>थाना निगोहा</u>**-दिनांक 16.08.2024 को थाना निगोहा द्वारा बताया गया कि प्रभाकर त्रिवेदी पुत्र श्री गोपी कृष्ण त्रिवेदी निवसी ग्राम प्रधान पुरहिया थाना निगोहा लखनऊ ने थाना निगोहा पर सूचना दिया कि दिनांक 16.08.2024 को समय करीब 08.00 बजे सुबह एक लड़की आकर तालाब में कूद गयी है। इस सूचना थाना निगोहा पुलिस मौके पर पहुँच कर शव को बाहर निकलवाकर शिनाख्त का प्रयास किया गया तो शव की शिनाख्त मृतिका की माँ द्वारा की गयी। मृतिका की शिनाख्त सोनी उम्र करीब 21 वर्ष पुत्री चन्द्र पाल रावत निवासिनी दोस्तपुर थाना बछरावां जनपद रायबरेली के रुप में की गयी है। थाना प्रभारी निगोहा द्वारा बताया गया कि आज दिनांक 16.08.2024 को ग्राम पुरहिया गांव के बगल तालाब की तरफ एक लड़की जो सीधे तालाब जाते दिखाई दी और वह तालाब में घुस गई जिसे मौके पर ग्रामीणों ने देखा की महिला जो तालाब की तरफ गई थी वह वापस नहीं आई जिसकी तलाश के लिए ग्रामीणों के द्वारा तालाब में व अगल-बगल तलाश की गई तो लड़की का शव तालाब में मिलने पर बाहर निकाला गया, जिसकी शिनाख्त मा कुशमा द्वारा कि गई। मृतका का नाम सोनी पुत्री चन्द्र पाल रावत निवासी दोस्तपुर थाना बछरावां जनपद रायबरेली उम्र करीब 21 वर्ष जो मन्द बुद्धि की है मां के द्वारा बताया गया कि आज दिनांक 16/8/2024 को सुबह 6.00 बजे के आस पास घर से विना किसी बता के चली गई आई थी। प्रथम दृष्टया पानी में डूबने मृत्यु होना पाया जा रहा है। **मृतका के शरीर पर किसी प्रकार का कोई चोट या निशान नही पाया गया। शव को पीएम की कार्यवाही हेतु भेजा जा रहा है।**

**<u>थाना माल-</u>** थाना प्रभारी दुबग्गा द्वारा बताया गया कि दिनांक 15.08.2024 को अनूप रावत पुत्र जगतपाल रावत उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम पचौरा थाना माल जो की आमिर खेड़ा गांव के बाहर नाले के बगल में आम के पेड़ में नायलॉन के रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर लटके हुए मिले हैं। थाना दुबग्गा पुलिस मौके पर मौजूद है। शव का पंचातनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। शव पर कोई जाहिर चोट निशान नही है।मृतक के पास से एक मोबाइल फोन व पर्स बरामद हुआ है। **थाना प्रभारी निरीक्षक माल द्वारा बताया गया कि परिजनो की तहरीर के आधार पर थाना माल मु0अ0सं0 248/2024 धारा 103(1) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**<u>थाना पारा</u>**-दिनांक 16.08.2024 को थाना पारा द्वारा बताया गया कि नीलम गौतम पत्नी दिनेश कुमार निवासिनी ग्राम भारतपुर थाना संधना जनपद सीतापुर ने थाना पारा पर सूचना दी कि आज दिनांक 16.08.2024 को मेरे पति दिनेश कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम भारतपुर थाना संधना जनपद सीतापुर हाल पता सरोसा भरोसा थाना पारा लखनऊ स्थित सोनू अवस्थी के किराये के कमरे में छत लगे पंखे से साडी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। **इस सूचना पर उ0नि0 सतीश चन्द्र मिश्रा मो0नं0 7011706773 थाना पारा द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक प्राइवेट गाडी चलाता था। मृतक के एक पुत्र 02 वर्षीय व एक पुत्री 06 माह की है।

**<u>थाना गोमतीनगर</u>**- दिनांक 16.08.2024 गोमतीनगर द्वारा बताया गया कि शिवराज पुत्र रामविलाश निवासी ग्राम कठम्बरा थाना बैनीगंज जिला हरदोई हाल पता झोपड़पट्टी विनीत खण्ड 5/173 थाना गोमतीनगर लखनऊ ने थाना गोमतीनगर को दिनांक 15.08.2024 को थाना स्थानीय पर सूचना दिया कि उसका भाई श्याम बाबू उम्र करीब 16 वर्ष दिन मे करीब 10.30 बजे झोपड पट्टी से कुछ दूरी पर स्थित रेलवे लाईन पर शौच के लिए गया हुआ था कि उसी दौरान दोनो तरफ से पटरी पर ट्रेन आ जाने के कारण ट्रेन से टकरा गया जिससे उसके भाई की मौके पर ही मृत्यु हो गयी है। **इस सूचना पर उ0नि0 हेमन्त कुमार मो0नं0 8601096811 थाना गोमतीनगर द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक मजदूरी करता था।